प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 06.06.2024 समय : 01:00 पी.एम.

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा आज नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर रहे हैं। श्री नड्डा के आवास पर हो रही इस बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य नेता मौजूद हैं। इस बीच, कल नई दिल्ली में एनडीए गठबंधन में शामिल दलों के सांसदों की बैठक होगी। इसमें भाजपा, टीडीपी, जेडीयू, एलजेपी (आर), शिव सेना (शिंदे गुट), जेडी (एस) और अन्य सहयोगी दलों के नवनिर्वाचित सांसदों के शामिल होने की उम्मीद है। इधर, प्रदेश में भाजपा के नव निर्वाचित सांसदों का आज जयपुर में स्वागत किया जाएगा। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पार्टी प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी और प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर सहित अन्य नेता शामिल होंगे। इस बैठक के बाद नव निर्वाचित सांसद दिल्ली के लिए रवाना होंगे, जहाँ वे प्रस्तावित सांसद दल की बैठक में शामिल होंगे।

000

अलवर के नवनिर्वाचित सांसद भूपेंद्र सिंह यादव आज अंबेडकर नगर स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचे। पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर सांसद ने अलवर की जनता का आभार व्यक्त किया और कहा कि वे जनता के विश्वास पर खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा कि अलवर संसदीय क्षेत्र की जनसमस्याओं को वे प्राथमिकता से दूर करेंगे।

000

अजमेर में आज सार्वजनिक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव संदीप वर्मा ने स्मार्ट सिटी कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त देशलदान ने श्री वर्मा को वहां कराए जा रहे कार्यों की सम्पूर्ण जानकारी दी और मौका निरीक्षण भी करवाया। उधर, केकड़ी जिला कलेक्टर श्वेता चौहान ने पंचायत समिति सरवाड़ में चल रहे मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान और मनरेगा कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी कार्यों को मॉनसून आने से पहले पूरा करने के निर्देश दिये। वहीं स्वस्थ बूँदी अभियान के तहत बूंदी सीएमएचओ डॉ प्रमोद सामर ने स्वास्थ्य भवन परिसर की साफ सफाई करवाई। जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों में अभियान के तहत परिसर की साफ सफाई कर पौधे लगाए जा रहे हैं।

000

प्रदेशभर में आज शनि जयंती और बड़ पूजन अमावस्या के अवसर पर विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। विभिन्न शनि मंदिरों में तेलाभिषेक और अनुष्ठान के आयोजन हो रहे हैं। बीकानेर में शनि जयंती पर सिंगणापुर धाम में 9 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। बालोतरा में शनि देव की शोभायात्रा निकाली जाएगी और भजन संध्या का आयोजन होगा। वहीं, बड़ पूजन अमावस्या पर महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा अर्चना कर अखंड सौभाग्य की कामना की और वट सावित्री व्रत की कथा सुनी। महिलाओं ने वट वृक्ष के पत्तों के गहने धारण किये। अजमेर के पुष्कर सरोवर में अमावस्या पर विशेष धार्मिक स्नान ब्रह्म मुहूर्त से शुरू हुआ है जो दिन भर चलेगा। शाम को गणगौर घाट पर महाआरती का आयोजन किया जाएगा। उधर, भरतपुर में किला स्थित बिहारी जी मंदिर में महिलाओं ने सुबह पूजा अर्चना कर खुशहाली की कामना की।

000

बून्दी में निर्माणाधीन एक्सप्रेस–वे पर आज एक कार के अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने से दो लोगों की मौत हो गयी। यह हादसा लाखेरी इलाके के बालापुर में हुआ। कार सवार ये लोग कोटा के रहने वाले थे। वहीं एक अन्य दुर्घटना में भरतपुर के खान सूरजपुर के पास ट्रेलर और मिनी ट्रक की टक्कर में मिनी ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई।

000

प्रदेश में एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से कल से बीकानेर और जोधपुर संभाग के कुछ भागों में आंधी और हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं। इस दौरान कल और परसों दोपहर बाद तेज अंधड़ और कहीं–कहीं मध्यम से तेज बारिश हो सकती है। इसके साथ ही कल पश्चिमी राजस्थान में कहीं–कहीं ओलावृष्टि का भी पूर्वानुमान है। जयपुर, अजमेर, कोटा और भरतपुर संभाग के कुछ भागों में दोपहर बाद आंधी और बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है। आगामी चार–पांच दिन अधिकतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा और इसके 45 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज होने की संभावना है।

000

भारतीय निशानेबाज सरबजोत सिंह ने म्यूनिख में पिस्टल इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन–आई.एस.एस.एफ. विश्व कप के फाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल क्वालीफिकेशन में 588 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। रमिता और ईशा सिंह के बाद सरबजोत म्यूनिख विश्व कप में पदक राउंड तक पहुंचने वाले तीसरे भारतीय हैं।